# प्रेस नोट

## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता - "मेरा वोट मेरा भविष्य है- ताकत एक वोट की "

**पहली राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता में भाग लें, आकर्षक नकद पुरस्कार जीतें**

भारत निर्वाचन आयोग राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 के अवसर पर रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से हर वोट के महत्व को समझाने के लिए एक राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता- 'मेरा वोट मेरा भविष्य- ताकत एक वोट की' आयोजित कर रहा है।

यह प्रतियोगिता स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी आयु समूहों के लिए आयोजित है । इसमें पॉच प्रकार की प्रतियोगिताऐं आयोजित होगी । प्रविष्टियॉं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2022 है । जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

1- विषय: "मेरा वोट मेरा भविष्य है: ताकत एक वोट की"

2- राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता की पांच श्रेणियां हैं जिनमें प्रश्नोत्तरी, स्लोगन, गीत, वीडियो निर्माण प्रतियोगिता और पोस्टर डिजाइन शामिल हैं।

**अ- प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता:** प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता से देश की चुनावी प्रक्रिया के बारे में प्रतिभागियों कें जागरूकता के स्तर का परीक्षण किया जायेगा । यह प्रतियोगिता 3 चरण (सरल, मध्यम और कठिन) में होगी । प्रतियोगिता के तीनों चरणों को सम्पन्न करने पर सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट दिया जायेगा ।

**ब- स्लोगन प्रतियोगिता:** चुनावी प्रक्रिया के संबंध में दिये गये विषय पर अपने शब्दों को एक आकर्षक स्लोगन में बुनें।

**स- गीत प्रतियोगिता:** इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी शास्त्रीय, समकालीन, रैप आदि किसी भी रूप में गीत के माध्यम से उपरोक्त विषय पर रचनात्मक प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत कर सकते है। कलाकार और प्रतिभागी उपरोक्त विषय पर मूल रचनाएँ बना कर साझा कर सकते हैं। कलाकार और गायक अपनी पसंद के किसी भी वाद्य यंत्र का उपयोग कर सकते हैं। गाने की अवधि 3 मिनट से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**द- वीडियो निर्माण प्रतियोगिता** : इस प्रतियोगिता में मुख्य विषय के अलावा, प्रतिभागियों द्वारा अन्य विषय जैसे सूचित और नैतिक मतदान का महत्व (प्रलोभन मुक्त मतदान) वोट की ताकत : महिलाओं, विकलांग व्यक्तियों, वरिष्ठ नागरिकों, युवा और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं के लिए मतदान का महत्व पर भी वीडियो बनाया जा सकता है। प्रतिभागियों को उपरोक्त विषयों में से किसी एक पर वीडियो निर्माण करना होगा और वीडियो केवल एक मिनट की अवधि का होगा।

भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची के अनुसार वीडियो, गीत और स्लोगन प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां किसी भी आधिकारिक भाषा में दी जा सकती हैं।

**ई- पोस्टर डिजाइन प्रतियोगिता:** यह प्रतियोगिता कला और डिजाइन के प्रति उत्साही लोगों के लिए है जो प्रतियोगिता की थीम पर विचारोत्तेजक पोस्टर बनाएंगे। प्रतिभागी दिये गये विषय पर एक डिजिटल पोस्टर, स्केच या हाथ से पेंट किए गए पोस्टर जमा कर सकते हैं।

## 3. प्रतियोगिता श्रेणियाँ

**संस्थागत श्रेणी** : केंद्र या राज्य सरकार के तहत पंजीकृत शैक्षणिक संस्थान/संगठन जैसे स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय।

**व्यावसायिक श्रेणी** : ऐसे व्यक्ति जिनकी आजीविका का मुख्य स्रोत वीडियो निर्माण /पोस्टर डिजाइनिंग/गायन या किसी भी रूप में काम करना है, ऐसे प्रतिभागीयों का इस श्रेणी में में चयन होने पर, उन्हें संबंधित व्यवसाय का एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**शौकिन व्यक्ति श्रेणी :** वह व्यक्ति जो शौक के तौर पर वीडियो निर्माण / पोस्टर डिजाइनिंग / गायन करते है, लेकिन उसकी आमदनी का प्रमुख स्रोत किसी और माध्यम से होना चाहिए, उसे 'शौकीन' (Amateur) माना जावेगा।

## 4. पुरस्कार एवं मान्यताएं:

गीत प्रतियोगिता, वीडियो निर्माण प्रतियोगिता और पोस्टर डिजाइन प्रतियोगिता को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है: संस्थागत, व्यावसायिक और शौकिया। प्रत्येक श्रेणी में प्रथम तीन विजेताओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक श्रेणी में विशेष सान्त्वना के तहत नकद पुरस्कार दिया जावेगा। संस्थागत श्रेणी में 4 जबकि व्यावसायिक और शौकिया श्रेणी में प्रत्येक में 3-3 सानत्वना पुरस्कार दिये जावेंगे।

अ- गीत प्रतियोगिता

| श्रेणी | प्रथम पुरस्कार | द्वितीय पुरस्कार | तृतीय पुरस्कार | सान्त्वना |
|---|---|---|---|---|
| संस्थागत श्रेणी | 1,00,000 | 50,000 | 30,000 | 15,000 x 4 |
| व्यावसायिक श्रेणी | 50,000 | 30,000 | 20,000 | 10,000 x 3 |
| शौकिन श्रेणी | 20,000 | 10,000 | 7,500 | 3,000 x 3 |

ब- वीडियो निर्माण प्रतियोगिता

| श्रेणी | प्रथम पुरस्कार | द्वितीय पुरस्कार | तृतीय पुरस्कार | सान्त्वना |
|---|---|---|---|---|
| संस्थागत श्रेणी | 2,00,000 | 1,00,000 | 75,000 | 30,000 x 4 |
| व्यावसायिक श्रेणी | 50,000 | 30,000 | 20,000 | 10,000 x 3 |
| शौकिन श्रेणी | 30,000 | 20,000 | 10,000 | 5,000 x 3 |

स- पोस्टर डिजाईनिंग प्रतियोगिता

| श्रेणी | प्रथम पुरस्कार | द्वितीय पुरस्कार | तृतीय पुरस्कार | सान्त्वना |
|---|---|---|---|---|
| संस्थागत श्रेणी | 50,000 | 30,000 | 20,000 | 10,000 x 4 |
| व्यावसायिक श्रेणी | 30,000 | 20,000 | 10,000 | 5,000 x 3 |
| शौकिन श्रेणी | 20,000 | 10,000 | 7,500 | 3,000 x 3 |

**द- स्लोगन प्रतियोगिता:** प्रथम पुरस्कार- रु. 20,000; दूसरा पुरस्कार - 10,000 रुपये; तीसरा पुरस्कार- 7,500 रुपये। पचास प्रतिभागियों को 2,000 रुपये का विशेष सान्त्वना पुरस्कार दिया जाएगा।

**ई - प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता** विजेताओं को आकर्षक ईसीआई मर्चेंडाइज और बैज दिये जावेंगे। प्रतियोगिता के तीनों स्तरों के पूरा होने पर सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट प्रदान किया जावेगा।

### 5. चयन प्रक्रिया

भारत निर्वाचन् आयोग द्वारा गठित एक समिति द्वारा विभिन्न श्रेणियों में प्रविष्टियों का मूल्यांकन किया जावेगा । प्रविष्टियों के पुनर्मूल्यांकन के दावों से संबंधित किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

### 6. भाग कैसे लें

प्रतिभागी भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट https://ecisveep.nic.in/contest/ पर पंजीकृत करके प्रतियोगिता में भाग ले सकता है । इसकी लिंक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. की वेबसाईट एवं विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी उपलब्ध है ।

सभी प्रविष्टियां 15 मार्च, 2022 तक ईमेल आईडी: voter-contest@eci.gov.in पर प्रतिभागियों के विवरण के साथ जमा की जाएंगी।

प्रतियोगिता वेबसाइट पर जाने के लिए स्कैन करें

Contact No. 9425476660
Dr. Santosh Yadav